ont>

Title: Regarding problems faced by the passengers due to cancellation of trains in Ahmedabad- Botad route in Gujarat.

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका) : महोदय, गुजरात के अंदर जो गेज़ परिवर्तन हो रहा है, वह अच्छी बात है, लेकिन अहमदाबाद से बोटाड तक गेज़ परिवर्तन न होने के कारण जो गाड़ियां अहमदाबाद से जूनागढ़ और अमरेली जाती थीं, वे बंद हो गई हैं। परिणामस्वरूप आज सिर्फ छः गाड़ियों में से दो ही गाड़ियां वहां चल रही हैं और वहां शाम को सात बजे के बाद बोटाड तक जाने के लिए एक भी गाड़ी नहीं है। इसलिए वहां के धौलका, बांवला, धंधुका पैसेंजर एसोसिएशन के लोग धरने पर बैठे थे और नयी गाड़ी चलाने के लिए मंत्री जी ने आश्वसन दिया था तथा मेम्बर ऑफ ट्रेफिक, श्री अग्रवाल ने भी आश्वसन दिया था, लेकिन आज तक एक भी नयी ट्रेन चालू नहीं की गई। राजकोट डिवीजन के वणीगांव का फाटक बंद कर दिया गया है, परिणामस्वरूप वहां के किसान और गांव वाले बहुत परेशान हैं। बोटाड से सुरेन्द्र नगर तक एक भी पैसेंजर ट्रेन नहीं चल रही है, इसलिए वहां के लोग बहुत परेशान हैं।

मंत्री जी से मेरी विनती है कि कोई भी फाटक बंद करने से पहले वहां के विधायक और संसद सदस्य को विश्वास में लेना चाहिए।